
# जोधपुर में लोगों ने लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान की आहुतियां दी


जोधपुर में बुजुर्ग महिल ने उत्साह से मतदान किया।


जोधपुर में पूर्व सांसद एवं पूर्व नरेश गजसिंह, हेमलता राजे मतदान करने पहुंचे।

**जोधपुर**, (कासं)। 18 वीं लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान की प्रक्रिया आज सुबह सात बजे शुरू हो गई। सुबह धीमे गति से शुरू हुई मतदान की प्रक्रिया बाद में जोर पकड़ने लगी। लोगों में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। पहले चरण में कम मतदान होने से राजनीतिक हलकों में चिंता को बढ़ा दिया। वहीं आज मतदान का प्रतिशत बढने की संभावना के चलते लोगों ने राहत की सांस ली है। जोधपुर संसदीय क्षेत्र और संभाग की चार सीटों पर सुबह से मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिख। दिन में धूप के साथ लोग कम बाहर निकले मगर सुबह काफी लंबी कतारें लगी रही। सुबह सुबह मतदान कर लोगों से मतदान की अपील की।

जोधपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व सांसद एवं नरेश गजसिंह, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, जादूगर गोपाल सहित कई गणमान्य लोगों ने मतदान कर लोगों से अधिकाधिक मतदान की अपील की।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उनकी पत्नी सुनीता गहलोत, जालोर सिरोही प्रत्याशी उनके पुत्र वैभव गहलोत, पत्नी हिमांशी एक साथ मतदान स्थल पहुंचे और मतदान में हिस्सा लिया। पूर्व जेडीए चैयरमैन राजेंद्रसिंह सोलंकी भी इस दौरान उनके साथ थे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वोट का अपना महत्व है। देश में जिस तरह से हालात है उससे वोटरों को भ्रमित नहीं होना चाहिए।

जालोर सिरोही से प्रत्याशी वैभव गहलोत ने कहा कि मतदान में सभी को अपना योगदान देना चाहिए। वे वोट डालने जोधपुर आए हैं फिर अपने संसदीय क्षेत्र जालोर जाएंगे।

मतदान करने पहुंचे राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि आज लोकतंत्र का महाउत्सव है। सुबह से आम मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद लोग इस लोकतंत्र के महापर्व में अधिक संख्या में भाग ले रहे है।

इसका मतलब है कि मारवाड़ की सभी सीटों पर कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकांश केंद्रों का निरीक्षण किया है जिससे पता लगता है कि लोग मतदान को लेकर बहुत जागरूक है। उन्होंने शेखावत की जीत पर आशा और विश्वास व्यक्त किया।

## शेखावत ने परिवार सहित मतदान किया

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी आज परिवार सहित मतदान किया। साथ में उनके धर्मपत्नी और दोनों बेटियां थी।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद देश में मतदान का प्रतिशत कम होना अस्वीकार्य है। यह सभी के लिए चुनौती है और चिंतन का विषय है। ना सिर्फ राजनीतिक दलों को बल्कि चुनाव आयोग को भी इस पर विचार करना चाहिए कि किस तरह से मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाएं। इसके लिए प्रयास किए जाने के साथ यह सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नारे म्हैं थासूं दूर नहीं और पुत्र मोह में जालोर में समय बिताने को लेकर कोई टीकाटिप्पणी करने से इंकार कर दिया। शेखावत ने अपनी पूर्व में हुई जीत को लेकर मार्जिन की बात पर आगामी 4 जून तक इंतजार करने को कहा।

सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने कहा कि आज लोकतंत्र का महापर्व है। जिस तरह मतदान को लेकर लाइनें लगी है उसके लिए उन्होंने जनता का आभार प्रकट किया। वे जोधपुर में भाजपा की जीत पर आश्वस्त नजर आए।

शहर विधायक अतुल भंसाली आज सुबह अपनी पत्नी नुपूर भंसाली एवं दो पुत्रों के साथ राजकीय स्कूल शास्त्रीनगर में मतदान करने पहुंचे। उन्होंने लाइन में लग कर अपना मतदान किया। मतदान के पश्चात उन्होंने कहा कि वे आस पास पड़ौस के अन्य परिवार को लेकर आए है। उन्होंने राष्ट्र हित में मतदान किया है। उन्होंने वोट अपने विवेकाधिकार से करने की बात की। इस बार 2019 से ज्यादा मतदान होने की उन्होंने संभावना व्यक्त की।

पूर्व शहर विधायक मनीषा पंवार आज सुबह अपने पति दीपक सिंह के साथ रातानाडा सामुदायिक भवन बगीखाना पर मतदान करने पहुंची। बाद में उन्होंने एयरफोर्स, ऑफिसर मैस, गोल्फ कोर्स, भाटी चौराहा आदि जगहों पर जाकर निरीक्षण किया।

## सूर्यकांता व्यास ने वोट दिया

काफी समय से बीमार चल रही पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास ने भी आज मतदान में हिस्सा लिया। मतदान के पश्चात कहा कि लोगों में वोट को लेकर उत्साह है और लोग राजी और उत्साह से वोट करने आ रहे है। यह स्थिति अच्छी है और वे शेखावत की जीत पर आश्वस्त नजर आई।

## गजसिंह ने वोट का महत्व समझाया

पूर्व सांसद एवं पूर्व नरेश गजसिंह ने मतदान के पश्चात कहा कि वोट आपका कर्तव्य है, वोट नहीं करेंगे तो आप हक नहीं जता सकते है। वोट देने का सभी का अधिकार है। उन्होंने आमजन से बाहर निकलने के साथ वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा देश में काफी काम हो रहा है, देश तरक्की कर रहा है, इसलिए अच्छी सरकार हो इसके लिए मतदान जरूर करें। हेमलता राजे ने कहा कि सभी लोग मतदान में हिस्सा ले और पसंद के उम्मीदवार को चुनें। जो आपको चाहिए और जो आपके लिए काम करें उनको वोट दें। सैन समाज के वरिष्ठ गुरू अचलानंद गिरी ने भी राजपरिवार के साथ पहुंच कर अपना मतदान किया।

## जादूगर गोपाल ने अस्वस्थ पत्नी को लेकर पहुंचे

मतदान करने पहुंचे वरिष्ठ उद्योगपति सुनील तलवार ने कहा कि इससे बड़ा आयोजन क्या हो सकता है। जादूगर गोपाल अपनी अस्वस्थ धर्म पत्नी उमा डाबी को लेकर प्रताप नगर स्थित मतदान केंद्र ह्रुंचे तथा मतदान किया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता को अपने मत के अधिकार का उपयोग करना चाहिए।


## बी.एल. मेहरा ने मतदान किया

जोधपुर संभाग के संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा ने जोधपुर विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 130 सार्वजानिक निर्माण विभाग कार्यालय जोधपुर पर मतदान किया।

## 82 युवाओं ने पहले मतदान, फिर रक्तदान किया

बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के 100 दिवसीय रक्तदान महाभियान के तहत शुक्रवार को मोहल्ला युवा विकास समिति की ओर से जनता कॉलोनी सामुदायिक में रक्तदान शिविर में आए युवाओं ने पहले मतदान किया फिर रक्तदान किया । संयोजक टीपू मोहम्मद सद्दाम गोरी अजीम मोहम्मद वसिम व तारिक ने बताया कि सोनू, फारूक, मुनीर अली, आजम, इरफान, नासिर, इमरान, समीर, अबरार, अब्दुल, करीम, नासिर, सरतार, शाहरुख, जाकिर, इरशाद, शहबान, अफजल, इदरीश, शहजाद, महबूब आदि 82 युवाओ ने किया रक्तदान किया। बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह राठौड़, अयूब खान फुलवाले, आजम मोहम्मद, महमूद अली, फिरोज, युसूफ, अयूब आादि उपस्थित थे।

# हजरत गैबनशाह गाजी का उर्स शानो शौकत के साथ मनाया


जालोर में दरगाह गैबनशाह गाजी के उर्स पर कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित दरगाह हजरत गेबन शाह गाजी र. अ. का सालाना दो दिवसीय उर्स बड़ी शान शौकत के साथ मनाया गया। उर्स के दूसरे दिन गुरुवार रात्रि को कव्वाली का शानदार प्रोग्राम का आयोजन हुआ।

दरगाह गैबनशाह गाजी उर्स को लेकर दूसरे दिन कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर फनकार फैजान अजमेरी द्वारा आपसी भाईचारे और कोमी एकता पर तिरंगा भारत की है शान ... कव्वाली पेश कर लोगों को कौमी एकता का संदेश दिया। वही फैजान अजमेरी द्वारा सबका बेडा पार लगादे या ख्वाजा आदि कलाम पेश कर लोगों को महफिल में बांधे रखा। दरगाह के पगडीबंध कव्वाल इरफान तुफैल द्वारा भी नातिया कलाम पेश कर समा बांधा। वहीं जालोर शहर के विभिन्न मोहल्लों द्वारा जुलूस के जरिए दरगाह में अकीदतमंदों ने चादर पेश कर देश में खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी । दरगाह इंतजामिया कमेटी द्वारा दरगाह परिसर को रोशनी से सजाया गया। सालाना उर्स में दरगाह परिसर में मेला सा माहौल रहा। उर्स में मेहमान पुखराज पाराशर पूर्व मंत्री, खानूखान बुधवाली, मुस्ताक खान मेडता, राजू चौधरी , शाहजाद अली सैयद, भंवरलाल मेघवाल, दलपत सिंह आर्य ,कैलाश शर्मा, बसंत सुथार, लक्ष्मण सांखला, जगदीश आर्य, जालमसिंह नरावत, अंबालाल माली, हीराचंद भंडारी, चारुल शर्मा, अब्दुल रज्जाक, हमीद नागौरी, अफरोजा, अफरोजा सिलावट, अनिल पंडत सहित का कमेटी द्वारा गुलपोशी कर इस्तकबाल किया गया। मेहमानों द्वारा दरगाह शरीफ में चादर पेश कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। शुक्रवार को सुबह कुल की रस्म एवं सनदल के साथ उर्स का समापन हुआ। कुल की रस्म के दौरान पगडी बंद कव्वाल इरफान तुफैल द्वारा दरगाह में रंग पढा गया। कार्यक्रम का मंच संचालन नूर मोहम्मद फना एवं शहजाद खान द्वारा किया गया। कव्वाली प्रोग्राम के दौरान दोनों कव्वालों का गुलपोशी कर इस्तकबाल किया गया।

जुल्फिकार अली भुट्टो, मुमताज अली,मुजफ्फर अली, आसिफ खोखर , सिराज भाई रंगरेज, अकरम मेवाती, मोहजीद मालिक, नवाब सिलावट, सरफराज अली नाहिद अली, इंसाफ कुरैशी,महबूब मुल्तानी, वाहिद अली, मोहसीन अली, इमरान बैग, गुलजार अली, यासीन लोहार सहित कमेटी मेंबर्स आदि उपस्थित थे।

## सुबोध चारण ने जायजा लिया

**रेवदर**, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) सिरोही के निर्देशानुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) रेवदर सुबोध सिंह चारण ने रेवदर के कम मतदान वाले क्षेत्रों में जाकर आमजन व मतदाताओं से तुरंत अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की। यह जानकारी उपखण्ड कार्यालय रेवदर के मीडिया सेल इंचार्ज मनोज नालिया द्वारा दी गयी। एसडीएम चारण द्वारा उपस्थित आमजनों व मतदाताओं से मतदान केन्द्र पर जाकर अधिकाधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने की भी अपील की गयी।


पाली जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री सुबह 7 बजे ही बांगड़ मतदान केंद्र पर पत्नी के साथ पहुंचे तथा मतदान किया। उन्होंने पाली वासियों से भी अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। फोटो- राष्ट्रदूत

# लोकतंत्र के महापर्व पर जागरूक मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया


जालोर में प्रथम बार मतदान करने पर मोनू सिलावट सहित कई जनों को प्रमाण पत्र दिए। फोटो-राष्ट्रदूत


सायला के पास देता कलां में एक दूल्हा शादी से पहले मतदान करने पहुंचा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत शुक्रवार को लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान केन्द्रों को बुजगों, युवाओं, महिलाओं सहित मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती का संदेश दिया।

लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान पिता, पुत्र व पौत्री ने एक साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। मतदान के उपरांत उन्होंने सेल्फी स्टेण्ड पर सेल्फी लेकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने का संदेश दिया। वही आहोर विधानसभा क्षेत्र के रामा गांव में भावना व रशमी ने प्रथम मतदान करने के बाद कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रथम बार मतदान कर वे अपने आप को गौरवन्ति महसूस कर रही है। जालोर शहर के शहरी स्कूल के बूथ पर मोनू सिलावट ने प्रथम बार मतदान का हर्ष व्यक्त किया।

निर्वाचन विभाग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए किए गए नवाचार के तहत 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर हैप्पी आवर्स यानि सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले प्रथम 25 फर्स्ट टाइम वोटर्स को तथा अन्य मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले शुरूआती 20 फर्स्ट टाइम वोटर्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जालोर विधानसभा में खिरणी बाव, ब्रह्मपुरी निवासी फर्स्ट टाइम वोटर प्रियांशु दवे पुत्र प्रवीण कुमार दवे ने प्रथम बार मतदान किया।

जिस पर उन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रियांशु दवे ने प्रमाण पत्र के साथ सेल्फी ली तथा कहा कि मैंने पहली बार लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाला तथा वोट डालकर बहुत अच्छा लग रहा है।

जालोर विधानसभा के केशवना ग्राम में भाग संख्या 167 के मतदान केन्द्र पर नवविवाहित दुल्हन प्रियंका ने अपने पीहर आकर मतदान किया।

इसी प्रकार बागोडा की कुका ग्राम पंचायत के मेडा ब्राह्मणन स्थित मतदान केन्द्र संख्या 95 तथा आहोर विधानसभा के सनवाडा स्थित मतदान केन्द्र संख्या 111 पर नवविवाहित दंपति ने मतदान कर लोकतंत्र में वोट की महत्व बताया। दूल्हा-दूल्हन की पोशाक में सजी इन जोडियों को देखकर लोगों ने लोकतंत्र के इस महापर्व को प्रशंसनीय बताया।

प्रवासी मतदाताओं में दिखा उत्साह जालोर जिले के प्रवासी मतदाताओं ने जालोर जिले में पहुँचकर अपने मत का प्रयोग किया। प्रवासी विनोद जैन ने अपने गृह क्षेत्र स्थित मतदान केन्द्र पर पहुँचकर मतदान किया तथा अन्य मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की बात कही।

बुजुर्ग हुकमदास से करवाया मतदान मतदान दल के कार्मिकों ने सेवा व संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करते हुए सरदारगढ खेडा बूथ पर अपना वोट देने पहुँचे बुजुर्ग हुकमदास रामावत ईपिक अथवा अन्य 12 वैकल्पिक दस्तावेज में से कोई एक अपने साथ लाना भूल गये जबकि उनका मतदाता सूची में दर्ज था।

इस पर मतदान दल के कार्मिकों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बीएलओ हंसाराम व तैनात कांस्टेबल द्वारा बुजुर्ग के साथ उसके घर जाकर बैंक की पासबुक लेकर आए तथा बुजुर्ग का मतदान करवाया।

मतदान दल के कार्मिकों द्वारा लोकतंत्र की मजबूती के लिए किए गए प्रयास की बुजुर्ग सहित उपस्थित अन्य मतदाताओं ने सराहना की।


जालोर में मतदान के लिए सुबह के समय मतदाताओं की कतारें नजर आई। फोटो-राष्ट्रदूत

## बाप कस्बे में 61.13 फीसदी मतदान

**बाप**, (निसं)। लोकतंत्र के महापर्व के द्वितीय चरण में शुक्रवार को बाप कस्बा सहित क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगो में कोई खास उत्साह नजर नहीं आया।

पांच माह पहले विधानसभा चुनावों में बाप कस्बे में 64.52 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन लोकसभा चुनावो में मतदाताओ की अरूचि के चलते 3.39 फीसदी मतदान घट गया। पहली बार मतदान करने वाले यूथ में थोडा उत्साह जरूर दिखा।

कस्बे में सूर्य की तपिश की वजह से दोपहर में तो कई मतदान केंद्र सूने हो गए थे। मतदान के अंतिम एक घंटे में दोनो राजनैतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि मतदान बढ़ेगा, लेकिन बढा नहीं। अंतिम घंटे में महज 4.85 प्रतिशत वोट ही पड़े। मतदान शुरू होने के बाद 11 बजे तक मतदान केंद्रो पर कतारे नजर आई,

दोपहर में इक्का दुक्का मतदाता ही नजर आये। मतदान का ग्राफ शुरूआती चार घंटो में चढ़ने के बाद उतरता ही रहा। 9 बजे 1०.89 प्रतिशत, 11 बजे 25.85 प्रतिशत, 1 बजे 39 प्रतिशत, 3 बजे 45.95 प्रतिशत, 5 बजे 56.28 प्रतिशत तथा 6 बजे समय समाप्ति तक 61.13 प्रतिशत मतदान हुआ।

बाप कस्बे में मतदान स्थापित सात बुथों पर कुल 61.13 फीसदी हुआ मतदान हुआ। बाप कस्बे में 8669 में से 53०० वोट पडे। बूथ नंबर 66 में 1362 में से 8०6, बूथ नंबर 67 में 1266 में से 728, बूथ नंबर 68 में 1198 में से 711, बूथ नंबर 69 में 1285 में से 82०, बूथ नंबर 7० में 11०1 में से 698, बूथ नंबर 71 में 1276 में से 772, बूथ नंबर 72 में 1181 में से 765 मतदाताओं ने दिये वोट डाले।

इसके अलावा नजदीकी ग्राम पंचायत जेतड़ासर में बूथ नंबर 65 में 1372 में से 965 तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीरवा बूथ संख्या 159 में 84० में से 626 मत पड़े।

## कई बुजुर्ग महिलाओं में मतदान का दिखा उत्साह


जालोर में दुल्हा दुल्हन ने मतदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (निसं)। जालोर जिले के रेवतडा ग्राम के मतदान केन्द्र पर शुक्रवार को 83 वर्षीय वृद्धा ने अपने मत का प्रयोग कर देश की सरकार चुनने में अपनी भूमिता निभाई।

जालोर जिले के सायला उपखंड के रेवतडा ग्राम में 83 वर्षीय गटू देवी ने अपने मत का प्रयोग किया। साथ ही गटू देवी ने कहा कि मै अपने पौते के साथ वोट देने आई हुं।

वही आहोर उपखंड क्षेत्र के अगवरी मतदान केन्द्र पर 84 वर्षीय वृद्धा मोवन देवी वोट देने के लिए आई । तथा वोट देने के बाद ट्राई साईकिल की व्यवस्था नही होने से काफी समय तक मतदान केन्द्र पर ही बैठी रही। इसके बाद वृद्धा के परिजन गाड़ी लेकर आये लेकर गये।

जालोर शहर के निकट सरदारगढ ग्राम के मतदान केन्द्र में शारदा देवी ने बताया कि जब वो वोट देने के लिए तो ग्राम विकास अधिकारी पर मतदान नही करने देने का आरोप लगाया। साथ महिला ने बताया कि उसे दो महिने बाद वोट देने के लिए कहा गया।

वही सायला में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत सायला उपखण्ड क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। खास बात ये रही कि इस बार सवेरे से ही मतदाताओं में उत्साह दिखाई दिया। मतदान बूथों पर सुबह मतदाताओं की भीड नजर आई, फिर दोपहर गर्मी होने पर बूथ सूने नजर आए, लेकिन शाम 4 बजे बाद फिर वोटर घर से निकले। अनेक बूथ ऐसे भी थे जहां पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या अधिक रही। कई जगहों पर लोग परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। खासतौर पर नए वोटर्स में जोरदार उत्साह देखा गया। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं का बूथों पर सम्मान भी किया। शादियों का सीजन होने से कई बूथ ऐसे भी थे जहां शादी के बाद दूल्हा दुल्हन सबसे पहले वोट देने पहुंचे। देताकलां गांव के बूथ संख्या 59 पर दूल्हे वि म चौधरी ने अपनी बारात रवानगी से पूर्व मतदान करके कर्तव्य का निर्वहन किया। वही इसबार मतदान बूथों पर मोबाइल साथ लेकर जाने पर रोक रही। जिसकी जानकारी मतदाताओं को नही होने से मोबाइल साथ लेकर आ गए, लेकिन सुरक्षा गार्ड द्वारा उन्हें रोका गया। जिससे मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद मतदाताओ को मोबाइल रखने के लिए परिचितों की सहायता लेनी पड़ी।